छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर

आदेश पत्रिका

क्रमांक –115 प्रकरण क्रमांक–**M-COM-2025-02744**

आवेदक : छत्तीसगढ़ रेरा विरूद्ध ''विट्ठल ग्रीन्स'', प्रमोटर–श्री चैतन्य बघेल, पता–1/7, मानसरोवर कॉलोनी, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.)

प्रोजेक्ट–''विट्ठल ग्रीन्स'' पता–जंजगिरी, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग (छ.ग.)

आदेश कार्यवाही की तारीख व स्थान	आदेश अथवा कार्यवाही	पक्षकार अथवा प्रतिनिधि के हस्ताक्षर
28/05/2025	– प्रकरण प्रस्तुत । – रजिस्ट्रार, छ.ग. रेरा द्वारा प्रतिवेदन दिनाँक 06.02.2025 के अनुसार यह पाया गया कि भू–संपदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 धारा–5, अंतर्गत अनावेदक का प्रोजेक्ट ''विट्ठल ग्रीन्स'' पंजीयन क्रमांक–**PCGRERA231020001153** के रूप में छत्तीसगढ़ रेरा में दिनाँक 23.10.2020 से पंजीकृत किया गया है। भू–संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा–4(2)(l)(D) में वर्णित प्रावधानों के अनुसार सभी प्रमोटर्स को उनके प्रत्येक रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में आबंटितियों से प्राप्त राशि एवं उपयोग रेरा विनिर्दिष्ट खाते के माध्यम से नियमानुसार करना अनिवार्य है। इस संबंध में प्राधिकरण द्वारा अपने परिपत्र क्रमांक–06/रेरा/2018/158, दिनाँक 19.04.2018 के माध्यम से विस्तृत दिशा निर्देश भी जारी किये गये थे, जो प्राधिकरण की वेबसाईट पर सहज उपलब्ध हैं। संबंधित प्रमोटर द्वारा अधिनियम के प्रावधानों तथा प्राधिकरण के निर्देशों की अवहेलना करते हुए, रेरा विनिर्दिष्ट खाता का नियमानुसार संचालन नहीं किया जा रहा है। अतः प्राधिकरण द्वारा अनावेदक के विरूद्ध दिनाँक 12.03.2025 को प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। – प्राधिकरण द्वारा प्रश्नाधीन प्रोजेक्ट से संबंधित समस्त दस्तावेजों का अवलोकन व अध्ययन किया गया। अनावेदक द्वारा प्रोजेक्ट का त्रैमासिक अद्यतन दिसम्बर, 2024 तक प्राधिकरण के वेबपोर्टल पर अद्यतन किया गया है तथा वार्षिक विवरण रिपोर्ट वर्ष 2020–2021, 2021–2022, 2022–2023 एवं 2023–2024 प्राधिकरण के वेबपोर्टल पर अपडेट किया गया है। अनावेदक द्वारा प्रोजेक्ट का कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र सक्षम प्राधिकारी से दिनाँक	

छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर

आदेश पत्रिका

क्रमांक –115 प्रकरण क्रमांक–**M-COM-2025-02744**

आवेदक : छत्तीसगढ़ रेरा विरूद्ध ''विट्ठल ग्रीन्स'', प्रमोटर–श्री चैतन्य बघेल, पता–1/7, मानसरोवर कॉलोनी, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.)

प्रोजेक्ट–''विट्ठल ग्रीन्स'' पता–जंजगिरी, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग (छ.ग.)

आदेश कार्यवाही की तारीख व स्थान	आदेश अथवा कार्यवाही	पक्षकार अथवा प्रतिनिधि के हस्ताक्षर
	10.12.2024 को प्राप्त किया गया है तथा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राधिकरण के वेबपोर्टल पर अपडेट किया गया है। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं होने के कारण समाप्त किया जाता है। – आदेश की प्रति प्राधिकरण के वेबपोर्टल पर अपलोड की जावे। – प्रकरण नस्तीबद्ध कर अभिलेख कोष्ठ में दाखिल किया जावे। सही/– (संजय शुक्ला) अध्यक्ष	